

ऑस्कर में धमाल मचाएंगी 'छेलो शो' और 'आरआरआर' 7 पेज

# जय हिन्द जनाब

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

आर्द्रता 48 % वात 19 KM/H



नन्हें परिंदे के तहत बच्चों को शिक्षा से जोड़ेगी पुलिसः कमिश्नर 8 पेज

वर्ष : 18, अंक : 282 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए UPHIN/2005/14445 www.jaihindjanab.com नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) बृहस्पतिवार, 22 दिसंबर, 2022




## यूफ्लैक्स ने पेश की मिशाल

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** देश में क्रिकेट के प्रति जुनून से सभी वाकिफ हैं। लेकिन यह जुनून केवल पुरुष क्रिकेट टीम तक ही सीमित है। ना ही तो महिला क्रिकेट को और ना ही नेत्रहीनों के क्रिकेट को इतनी तबज्जों मिलती हैं। भारतीय टीम तो विश्व कप में हार गई, लेकिन नेत्र हीनों की टीम ने भारत को तीसरी बार खिताब दिला दिया। इसके लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस टीम को प्रोत्साहित किया। यह बात दिगर है कि बीसीसीआई और अन्य क्रिकेट एसोसिएशन और स्पोंसर्स ने इस टीम की प्रति गंभीरता नहीं दिखाई। नेत्रहीन क्रिकेटरों की निराशा को दूर करते हुए कॉरपोरेट जगत की मशहूर और नोएडा के प्रमुख औद्योगिक समूह ने पहल करते हुए इस पूरी टीम को बुधवार को सेक्टर-4 स्थित परिसर में बुलाकर सम्मानित किया। कंपनी के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और उन्हें 51-51 हजार के चैक भी दिए। पूरी टीम के लिए पहले ही उन्होंने 50 लाख रुपये का चैक दिया।

संबंधित खबर पेज-5 पर...



## खास खबर

### देश में कोरोना का खतराः मोदी आज करेंगे समीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत में एक बार फिर कोरोना का खतरा मंडराने लगा है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार भी अलर्ट हो गई है। बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने सीनियर अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक की। जिनमें उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। वहीं, पीएम मोदी आज दोपहर 3:30 बजे कोरोना को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इसके अलावा दिल्ली, यूपी, कर्नाटक, महाराष्ट्र, एमपी, छत्तीसगढ़ में भी इमरजेंसी मीटिंग होगी। इस बीच अच्छी खबर यह है कि कोरोना के इलाज में काम आने वाली पैरासिटामॉल, एमोक्सीसिलिन और रेबेपैराजोल जैसी दवाओं के दाम कम होंगे।

### यूपी निकाय आरक्षण, आज फिर होगी सुनवाई

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले की अन्तिम सुनवाई जारी है। अब तक 51 जनहित याचिकाओं पर बुधवार को भी सुनवाई हुई। हालांकिग समय की कमी के चलते सुनवाई पूरी नहीं हो सकी।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई बृहस्पतिवार को नियत की है। इसके साथ ही अधिसूचना जारी करने पर लगी रोक भी गुरुवार तक के लिए बड़ा दी है। 25 दिसंबर से कोर्ट में विंटर वैकेशन शुरू हो रहा है। नगर निकाय चुनाव की अगर सुनवाई शुक्रवार तक पूरी होकर फैसला नहीं आया तो फिर जनवरी में इस मामले की अगली सुनवाई होगी। इस वजह से निकाय चुनाव लंबा टलने की संभावना है।

## ठिठुरन बढ़ी, कोहरा छाया

### स्कूल टाइमिंग बदली, 400 मीटर विजिबिलिटी हुई, कई फ्लाइट कैंसिल

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** यूपी में ठिठुरन बढ़ने के साथ कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी यानी दृश्यता घटकर 400 मीटर तक रह गई। इससे रेल और सड़क पर ट्रैफिक पूरी तरीके से प्रभावित रहा। 18 ट्रेन 6 घंटे तक देरी से चल रही है। कानपुर में लगातार तीसरे दिन भी कोहरे की वजह से फ्लाइट कैंसिल रहीं। यूपी के ज्यादातर स्कूलों की टाइमिंग सुबह 10 बजे से की गई है।



मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी इसी तरह का कोहरा छाए रहने और कड़ाके की ठंड पड़ने की पूरी संभावना जताई गई है। इतना ही नहीं ठंड की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। गुरुवार को प्रदेश का तापमान अधिकतम 21 और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहने की संभावना है। मौसम विभाग कार्यालय लखनऊ के प्रभारी निदेशक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले 2 से 3 दिनों तक रात में तथा देर सुबह तक आसमान में घने कोहरे की चादर छाई रहेगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में 2 में से 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग की माने तो आज यानी 22 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में घना कोहरा पड़ने के आसार हैं। कल के बाद कोहरे में कमी आ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, 22 दिसंबर 5.30 बजे बरेली में 25 मीटर, बहराइच में 50 मीटर, गोरखपुर में 25 मीटर दृश्यता यानी विजिबिलिटी दर्ज की गई।

## संसद तक कोरोना अलर्ट

- पीएम मोदी मास्क पहनकर राज्यसभा पहुंचे
- दोनों सदनों ने भी किया प्रोटोकॉल का पालन

जय हिन्द संवाद

**नई दिल्ली।** चीन में कोरोना से हालात बदतर होते जा रहे हैं। भारत में भी सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। संसद के विंटर सेशन के दौरान गुरुवार को कोरोना अलर्ट का असर दिखाई दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मास्क लगाकर संसद पहुंचे हैं। लोकसभा के स्पीकर आम बिड़ला और राज्यसभा के स्पीकर जगदीप धनखड़ भी मास्क लगाए हुए नजर आए। कई सांसद ऐसे भी दिखे, जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था।

ओम बिड़ला ने सभी सांसदों से कोरोना को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक बार फिर महामारी विकराल रूप ले रही है, इसीलिए



सभी को सतर्क रहना होगा। राज्यसभा में कोरोना को लेकर चर्चा हो सकती है।

ओम बिड़ला ने कहा कि कोरोना को लेकर हमारे पुराने अनुभव बेकार रहे हैं। इस बार हमें बहुत ज्यादा निगरानी रखनी होगी। जैसे हमने पहले महामारी को रोकने में सफल हुए थे, वैसे ही इस बार भी हम कोरोना को रोक लेंगे। हालांकि, विपक्षियों ने कोरोना और तवांग झड़प को लेकर जमकर हंगामा किया, जिसके बाद सभा स्थगित कर दी गई।

## आबादी भूखण्ड की दो लिस्ट रद्द

### विदेशी दौरे से लौटते ही सीईओ ने दिखाए कड़े तेवर

### घोटालेबाजों और उनके दलालों पर एक्शन लेगी तीन आईएएस की कमेटी

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** विदेशी दौरे से लौटते ही सीईओ रितु माहेश्वरी ने कड़े तेवर अख्तियार कर लिए हैं। ग्रेनो विकास प्राधिकरण में हुए किसान आबादी भूखंड घोटाले के मुद्दे को लेकर सीईओ रितु माहेश्वरी ने बड़ी कार्यवाही की है। इस साल आबादी भूखंडों का आवंटन करने के लिए दो लिस्ट जारी की गई हैं। सीईओ ने दोनों लिस्ट रद्द कर दी हैं। इतना ही नहीं घोटाले में संलिप्त अधिकारियों और उनके दलालों पर कार्रवाई करने के लिए तीन आईएएस अफसरों की कमेटी का गठन किया है।

ग्रेटर नोएडा के किसानों को भूमि अधिग्रहण के बदले 4 प्रतिशत, 6 प्रतिशत और 10 प्रतिशत आवासीय भूखंडों का आवंटन किया जाता है। आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान इस आवंटन प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताएं बरती गई हैं। ये भी आरोप है कि प्राधिकरण के अफसरों और दलाल किसानों का हक छीनकर मालामाल हो गए। किसानों को मिलने वाले प्लॉट उद्योगपतियों, कंपनियों, बिल्डरों, नेताओं के रिश्तेदारों, दूसरे राज्य में रहने वाले लोगों और कोऑपरेटिव सोसाइटीज को आवंटित किए गए हैं। यह भी पता चला है कि मुर्दों के नाम पर भूखण्डों का आवंटन कर दिया गया। दलालों का गैंग किसानों से कौड़ियों के भाव में भूखंड खरीदकर प्राइम लोकेशन पर लगवाना और फिर मनमाने ढंग से इन भूखंडों के छोटे-छोटे टुकड़े बेचकर मोटी रकम कमाता था। यह लोग हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फर्जी होल्डर मेरिट बनाने से भी नहीं चूके।

यह सूची विवादों में आई और तत्कालीन सीईओ सुरेंद्र सिंह ने 20 भूखण्डों को रद्द किया। बाकी 6 भूखण्ड सही बताए गए। जबकि उन 6 भूखण्डों के आवंटन में बड़ा फर्जीवाड़ा हुआ। अब दूसरी लिस्ट में बचे 6 भूखण्डों का आवंटन भी रद्द कर दिया गया है।

इस पूरे मामले की विस्तृत जांच और उस पर कार्रवाई की तीन अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की कमेटी सीईओ रितु माहेश्वरी ने बना दी है।

## फेफड़ों में पानी भरने से हुई थी दिल्ली हाईकोर्ट वकील के छात्र की मौत

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में नाले से दो दिनों से लापता छात्र का शव बरामद हुआ। छात्र का बैग उतराता दिखा, इसके बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाया। तब जाकर उसका शव भी मिला। शिनाख्त में पता चला कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के वकील का बेटा था, जो कि पिछले दो दिनों से लापता था।

जब युवक का शव मिला तो आत्महत्या, हत्या या फिर हादसे में पुलिस उलझी थी, लेकिन बुधवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, इसके बाद मामला सुलझ गया। दरअसल, युवक की मौत फेफड़े में पानी भर जाने से हुई। पुलिस ने इसे महज एक हादसा बताया है।

गौर यमुना सिटी सोसाइटी निवासी और दिल्ली हाईकोर्ट के वकील राजबहादुर सिंह का 18 वर्षीय बेटा दीपराज अमेटी यूनिवर्सिटी में लॉ का स्टूडेंट था। रोजाना की तरह सोमवार सुबह वह घर से कॉलेज के लिए गया था।

## नए साल पर नोएडा में मिलेगा आशियाना खरीदने का मौका

## 380 फ्लैटों की स्कीम होगी लॉन्च

## चुकाने होंगे मिनिमम 45 लाख

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** प्रदेश का शो विंडो कहे जाने वाले नोएडा में नये साल पर आशियाना पाने का मौका लोगों को मिलेगा। प्राधिकरण द्वारा निर्मित एलआईजी, एचआईजी, एमआईजी फ्लैट की योजना लाई जा रही है। इसमें 380 से अधिक लेफ्ट आउट (अन सोल्ड) और सरेंडर फ्लैटों को शामिल किया जाएगा। फ्लैटों के आरक्षित मूल्य मिनिमम 45 लाख और अधिकतम करीब 1.8 करोड़ रुपए तक हो सकता है। इनका आवंटन ई ऑक्शन से किया जाएगा।

बता दें कि लंबे समय से नोएडा प्राधिकरण की ओर से खुद के निर्मित फ्लैटों की योजना को लांच नहीं किया है। हालांकि वर्ष



2020 में प्राधिकरण के हाउसिंग विभाग ने सेक्टर-71, 73, 82, 93, 99, 118, 135 लेफ्ट आउट (अन सोल्ड) फ्लैट का सर्वे करवाया था। इसमें 380 एलआईजी, एचआईजी, एमआईजी लेफ्ट आउट (अन सोल्ड) फ्लैट को चिह्नित किया गया था। चूंकि यह फ्लैट करीब 12 वर्ष पहले निर्मित कराए गए थे।

इस कारण निर्माण पुराना था, मौजूदा समय में फ्लैट की कीमत भी बाजार दर में काफी अधिक थी। ऐसे में निर्णय लिया गया कि फ्लैट की कीमत का निर्धारण नये सिरे से किया जाए, लेकिन सर्कल रेट ही रखा जाए। इससे फ्लैट के खरीदारों का आकर्षित किया जा सके। इससे पहले दरों में संशोधन हो पाता वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी आ गई। तब से योजना अटक गई। अब फिर से योजना को लॉन्च करने का निर्णय लिया गया है। जिस पर प्राधिकरण के हाउसिंग विभाग ने काम शुरू कर दिया है। ऐसे में फिर से सर्वे कराया गया है, जिसमें समाजवादी योजना के तहत जिन फ्लैटों को सरेंडर किया गया है। उन्हें भी लेफ्ट आउट (अन सोल्ड) फ्लैट में शामिल किया गया है। इनकी संख्या करीब 216 के आसपास है। इसके अलावा डूप्लैक्स फ्लैट में योजना में शामिल होंगे।




– अर्ज है

जनाब ...

संसद तक कोरोना अलर्ट जारी...

जनाब-ए-आली

देखते है दिल्ली कोरोना पहले पहुंचता है या भारत जोड़ो यात्रा...!

हक से मांगो! PRIYAGOLD

**Breaking**

>> नई दिल्लीः दुनिया में कोरोना के 5.86 लाख नए केस भारत में इनके दाम घटे >> जैकलीन फर्नांडिस ने बहरीन जाने के लिए पटियाला हाउस कोर्ट से मांगी इजाजत >> नई दिल्लीः तिहाड़ के पूर्व डीजी संदीप गोयल सस्पेंड, सुकेश चंद्रशेखर ने लगाए थे आरोप

# यूफ्लेक्स लिमिटेड के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट चैम्पियंस का किया अभिनंदन







जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** यूफ्लेक्स लिमिटेड के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए भारत को तीसरा विश्व कप दिलाने वाली नेत्रहीनों की टीम को सेक्टर-4 के अपने औद्योगिक परिसर में बुलाकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट जगत को पुरूषों की टीम के अलावा महिला टीम और नेत्रहीनों की टीम को भी प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने नोएडा के क्रिकेट स्टेडियम को भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने और रखरखाव करने का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि यूफ्लेक्स खेल के क्षेत्र में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा तैयार रहता है और आगे भी रहेगा। स्थित यूफ्लेक्स कॉर्पोरेट ऑफिसेस में इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम का अभिनंदन किया। यूफ्लेक्स इंडिया ने वित्त वर्ष 2023 में भारत में ब्लाइंड क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये 50 लाख रुपये का सीएसआर अनुदान दिया है। इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम को क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (सीएबीआई) से मान्यता प्राप्त है और इसने अपना तीसरा टी20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड जीतकर हैट्रिक पूरी की है। इन्होंने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश को 120 रनों के बड़े अंतर से हराया है। भारत में ब्लाइंड क्रिकेट के लिये सीएसआर फर्डिंग के अलावा, यूफ्लेक्स लिमिटेड के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने आज कंपनी के कॉर्पोरेट ऑफिसेस में आयोजित अभिनंदन समारोह में 17 खिलाड़ियों, उनके कोच और फिजियो में से प्रत्येक को 51,000 रूपये का चेक भी दिया, जोकि इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम के मौजूदा दल में हैं। हाल ही में संपन्न हुए टी20 वर्ल्ड कप में प्रशंसनीय प्रदर्शन पर टीम को बधाई देते हुए श्री चतुर्वेदी ने कहा, टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन ब्लाइंड टीम का हैट्रिक परफॉर्मेंस दिल को खुश करने वाला है और उनकी उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। वर्ल्ड कप में उनकी जीत की श्रृंखला इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि सही सहयोग और प्रेरणा से आप सारी विपरीत स्थितियों के बावजूद विजेता बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम बीसीसीआई से आग्रह करते हैं कि वे इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम का संज्ञान ले और खिलाड़ियों को मजबूत आर्थिक सहयोग प्रदान करें। सीएबीबाई क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया एक शीर्ष संस्था है, जो भारत में दृष्टिहीनों के लिये क्रिकेटका संचालन, आयोजन और विकास करती है। भारत के 24 राज्यों में इसके एसोसिएशंस हैं और घरेलू स्तर के विभिन्न टूर्नामेंट्स से 25000 से ज्यादा खिलाड़ी जुड़े हुए हैं। इस मौके पर कंपनी के प्रेजीडेंट लीगल दिनेश जैन, प्रेजीडेंट एचआर चंदन चटराज, प्रेजीडेंट फाइनेंस राजेश भाटिया, आनंद कनोडिया, राहुल राजदान, प्रशांत शर्मा, मुशाहिद अली और डीके जैन आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।



# नोएडा-गाजियाबाद के लाखों लोगों को रोजाना होगी समस्या

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** आश्रम फ्लाईओवर से गुजरने वाले लोगों को आगामी दिनों में काफी दिक्कतें होने वाली है। आश्रम फ्लाईओवर से नए डीएनडी फ्लाईओवर को जोड़ने के लिए काफी तेजी के साथ काम चल रहा है। रोजाना करीब 3 लाख वाहन इस सड़क से होकर गुजरते हैं, लेकिन काम चलने के कारण दोनों तरफ के कैरिजवे बंद किए जाएंगे। यह दोनों कैरिजवे 25 दिसंबर से 45 दिनों के लिए बंद होंगे। ऐसे में यहां से सफर करने वाले रोजाना 3 लाख लोगों को दिक्कतें होने वाली है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दोनों ओर के कैरिजवे बंद करने के आदेश दे दिए है।

फरवरी 2023 तक पूरा होगा काम

मिली जानकारी के मुताबिक आश्रम फ्लाईओवर रोजाना दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के लाखों लोग गुजरते हैं। पीडब्ल्यूडी अगले हफ्ते से आश्रम फ्लाईओवर का एक्सटेंशन वर्क शुरू करने की तैयारी में है।जिसके कारण दोनों कैरिजवे पर ट्रैफिक रोक दिया जाएगा। एक्सटेंशन का काम पूरा होने में फरवरी 2023 के दूसरे हफ्ते तक का वक्त लग सकता है। आश्रम फ्लाईओवर को बढ़ाकर इसे दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट फ्लाइवे से जोड़ने का प्लान पीडब्ल्यूडी काफी समय से बना रहा था। फाइनल इंटीग्रेशन के लिए नवंबर की डेडलाइन थी, जो मिस हो गई। अब अधिकारियों को जनवरी के आखिर तक काम पूरा होने की उम्मीद है। सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टिट्यूट के चीफ साइंटिस्ट एस. वेलमुरुगन ने बताया कि अभी इंटीग्रेशन वर्क में कम से कम दो महीने लगेंगे। इससे ट्रैफिक के लिए समस्या तो होगी, लेकिन दूसरा कोई रास्ता नहीं है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि आश्रम फ्लाइओवर बंद हुआ तो बारापूला फ्लाइओवर, कालिंदी कुंज, मथुरा रोड और आईटीओ पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाएगा। थोड़ी राहत देने के लिए स्लिप रोड्स से ट्रैफिक मूवमेंट की अनुमति रहेगी।



**प्रोजेक्ट से रोजाना लाखों लोगों को होगा फायदा**

करीब 128.25 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में 1.42 किलोमीटर लंबा छह लेन का फ्लाईओवर बन रहा है।

यह आश्रम ओवरपास को डीएनडी से जोड़ेगा। एक बार यह प्रोजेक्ट पूरा होने पर मूलचंद फ्लाइओवर से नोएडा के रजनीगंधा चौक तक 9 किलोमीटर लंबा स्ट्रेच सिग्नल-फ्री हो जाएगा। एक्सटेंडेड फ्लाइओवर बनने के बाद किलोकरी से बस 100 मीटर दूर यू-टर्न लेकर रोड क्रॉस कर पाएंगे। महारानी बाग और साउथ दिल्ली जाना आसान होगा। नोएडा, आईटीओ और गाजियाबाद जाने के लिए यू-टर्न की खातिर महारानी बाग से सराय काले खां के बीच एक किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।


# नोएडा में अरबपति बन गया छोटी सी जमीन का मालिक

जय हिन्द जनाब

**नोएडा।** कानून के घर देर है, अंधेर नहीं, यह बात नोएडा के एक किसान ने साबित करके दिखाई है। किसान ने अपने हक के लिए नोएडा अथॉरिटी और सरकार के खिलाफ 17 साल जिला अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी लड़ाई लड़ी। अब नोएडा प्राधिकरण ने बीते रविवार को वीराना रेड्डी नाम के किसान को 295 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है।

यह गौतमबुद्ध नगर जिले के इतिहास में भूमि अधिग्रहण के सापेक्ष सबसे बड़ी मुआवजा राशि है। रेड्डी के पास सेक्टर-18 में जमीन थी। अथॉरिटी ने उस जमीन का आवंटन शॉपिंग मॉल बनाने के लिए कर दिया। जिसके खिलाफ वीराना रेड्डी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। अदालत उनके पक्ष को सही मानते हुए 295 करोड़ रुपये मुआवजा भुगतान करने का आदेश दिया था। अब प्राधिकरण ने इस आदेश पर अमल किया है।

नवंबर में नोएडा अथॉरिटी की 207वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में फैसला लिया गया कि भूस्वामी वीराना रेड्डी को 295 करोड़ रुपये जारी किए जाएं। इसके लिए अथॉरिटी ने प्रस्ताव रखा, जिसको मंजूरी दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण को मूल भूमि मालिक को 295 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया था। उनकी जमीन सेक्टर-18 में अधिग्रहित की गई थी। नोएडा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा, हमने शीर्ष अदालत के आदेश के अनुसार शुक्रवार को भूमि मालिक को 295 करोड़ जारी किए हैं। नोएडा प्राधिकरण ने साल 2005 में भूमि मालिक वीराना रेड्डी से लगभग 7,400 वर्गमीटर प्लॉट का अधिग्रहण किया था। जिन्होंने बाद में इस आधार पर अधिग्रहण पर आपत्ति जताई कि प्रस्तावित मुआवजा अनुचित था। 31 जनवरी 2011 को गौतमबुद्ध नगर प्रशासन ने 18,00,481 रुपये मुआवजा और 181.87 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से ब्याज देने का फैसला किया। जिसे रेड्डी ने अस्वीकार कर दिया।




इसके बाद नोएडा प्राधिकरण और वीराना रेड्डी के बीच एक लंबी कानूनी लड़ाई की शुरुआत हुई, जो गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में शुरू हुई। फिर इलाहाबाद उच्च न्यायालय तक और अंततः सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट में 5 मई, 2022 को जस्टिस विनीत सरन और जेके माहेश्वरी की बेंच ने प्राधिकरण को 15त्न ब्याज और 3त्न दंडात्मक ब्याज के साथ 1,10,000 प्रति वर्गमीटर की दर से भूमि के मुआवजे का भुगतान करने का आदेश दिया। अथॉरिटी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ रिव्यू पिटिशन में गई। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया और प्राधिकरण को राहत देने से इंकार किया। इसके बाद अथॉरिटी ने वीराना रेड्डी को मुआवजा देने का फैसला लिया है। आपको बता दें कि गौतमबुद्ध नगर ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश के इतिहास में यह सबसे बड़ी मुआवजा दर है।

# बढ़ई एनकाउटर में 5 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

जय हिन्द संवाद

**गाजियाबाद।** सीबीआई कोर्ट ने फर्जी एनकाउंटर मामले में पवन सिंह समेत 05 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इनमें पवन सिंह, पाल सिंह ठेनवा, राजेन्द्र प्रसाद, सरनाम सिंह और मोहकम सिंह के नाम शामिल है। इन्होंने वर्ष 2006 में राजाराम बढ़ई की हत्या कर दी थी। जिसके बाद राजाराम की पत्नी ने इस मामले हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिसके बाद मामला सीबीआई कोर्ट में चला गया और सीबीआई कोर्ट के जज ने सभी को आरोपी करार देते हुए आजीवन कैद की सजा हुई है। इसके अलावा सभी पर जुर्माना भी लगाया है।

मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2006 में एटा जिले के सुनहेरा गांव में रहने वाले राजाराम बढ़ई की हत्या हो गई थी। पुलिसकर्मियों ने बताया था कि राजाराम ने एक डकैती डाली है। पुलिस जब राजाराम को पकड़ने गई तो उसने पुलिस पर जानलेवा हमला करना शुरू कर दिया। इसी दौरान एनकाउंटर में राजाराम की मौत हो गई। इस एनकाउंटर में 10 पुलिसकर्मी शामिल थे। इनमें से एक सीओ पवन सिंह पवन कुमार रिटायर हो चुके हैं, बाकी के 9 पुलिसकर्मी अलग-अलग जनपद में तैनात हैं। एनकाउंटर के बाद राजाराम की पत्नी संतोष कुमारी ने स्थानीय पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई थी,




## मुजफ्फरनगर के छोरे ने जीत लिया हरियाणा का दिल

# 11 लाख के दहेज को मारी लात, 1 रुपए में रचाई शादी

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक अनोखा विवाह हुआ है। पिछले कुछ सालों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दहेज प्रथा काफी ज्यादा बढ़ती जा रही है। लोग अपनी बेटियों की शादी में लाखों से लेकर करोड़ों रुपए तक लगा देते हैं। इसी बीच मुजफ्फरनगर में एक अनोखा विवाह देखने को मिला है। जहां पर दूल्हे ने 11 लाख रुपए का दहेज लौटा दिया और केवल 1 में शादी की। यह पूरा मामला केवल मुजफ्फरनगर ही नहीं बल्कि पूरे वेस्ट यूपी में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने दूल्हे और उसके परिजनों की सराहना की है।

मुजफ्फरनगर के चरथावल में स्थित रोनी गांव में रहने वाले




रिटायर्ड फौजी ठाकुर विनोद पुंडीर के बेटे हरविंदर पुंडीर की शादी हरियाणा के अंबाला में रहने वाली शीतल चौहान के साथ हुई है। बीते 1 दिसंबर को हरविंदर पुंडीर की बरात अंबाला पहुंची। शीतल चौहान की परिजनों ने धूमधाम के साथ अपने दामाद का स्वागत किया। रीति-रिवाज के साथ शादी हो रही थी। शीतल चौहान के पिता ने शादी में कोई कसर नहीं छोड़ी और काफी अच्छी तरीके से खातिरदारी की। रसम-रिवाज के दौरान शीतल चौहान के पिता ने काफी सारे आभूषण और 11 लाख रुपए लाकर दूल्हे के पिता के सामने रख दिए। मौके पर दूल्हा भी बैठा हुआ था। इस दौरान दूल्हे ने तुरंत बोल दिया कि उनको केवल एक रुपए में शादी करनी है और सारा दहेज वापस लौटा दिया। इस दौरान लड़की वालों ने कहा कि यह हम अपनी मर्जी से दे रहे हैं। इतना सुनते ही दूल्हे हरविंदर ने शीतल के पिता के सामने हाथ जोड़ लिए और बोल दिया कि हमें कोई दहेज नहीं चाहिए। हम यह विवाह केवल एक रुपए में करेंगे। अब यह विवाह पूरे मुजफ्फरनगर के अलावा वेस्ट यूपी में चर्चा का विषय बना हुआ है।



**नोएडा।** हेल्पिंग हैण्डस समाजसेवी संस्था की अध्यक्ष रजनी कटारिया के नेतृत्व में संस्था की टीम रात्रि में नोएडा शहर की सडको पर उतरी एवं विभिन्न स्थानों पर ठंड से कांप रहे लोगों को कंबल वितरित किये संस्था की अध्यक्ष नें बताया कि 21 दिसम्बर की रात्रि से जब तक सर्दी का सितम होगा तब तक हेल्पिंग हैण्डस समाजसेवी संस्था रोजाना रात्रि 10 बजे से कंबल वितरण करेगी टीम में संस्था के महासचिव अशोक यादव, सुरेन्द्र वशिष्ठ, ऋषिपाल आदि लोग शामिल रहेंगे।

SHRADHANJALI



In Loving Memory of
Shri Subhash Chopra
(25th July 1948 - 13th December 2022)

With Profound Grief and Sorrow We Inform that the Pillar of our lives and heartbeat of our family has left for heavenly abode.

Prayer Meeting / Uthala
to honour a Life Well Lived
on Sunday 25th December 2022
03.00 PM to 04.00 PM
At ISKCON Temple Auditorium
(Opp. NTPC Office) Sector-33, Noida

Fondly Rembered by:
Parveen Chopra (Wife)
Rajneesh & Shveta (Son & daughter -in law)
Maneesh & Rohini (Son & daughter in law)
Meenu & Raman Kapoor (Daughter & Son in law)
Tanvi, Laksh, Srishti, Pavika, Gritik, Yushaan (Grand Children)